कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-19.09.2024

विषय:- पेशी के दौरान कोर्ट से चकमा देकर फरार, 25 हजार रुपये इनामिया अभियुक्त महफूज थाना कैण्ट व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट/हत्या की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के नेतृत्व में थाना कैण्ट एवं एसओजी पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 324/2024 धारा 261/262 बी0एन0एस0 थाना कैण्ट से संबंधित **25 हजार रुपये के इनामिया** अभियुक्त महफूज पुत्र सिराजुद्दीन निवासी ग्राम कुडी थाना बडागाँव कमिश्नरेट वाराणसी को आज दिनांक-19.09.2024 को समय करीब 13.55 बजे डीएम कम्पाउण्ड के पीछे से गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना कैण्ट पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक 29.08.2024 को कोर्ट में पेशी के दौरान कोर्ट से चकमा देकर बन्दी महफूज फरार हो गया था, जिस सम्बन्ध में प्रभारी उ.नि. गणेश जी पाण्डेय द्वारा दाखिल तहरीर के आधार पर थाना कैण्ट में मु.अ.सं. 324/24 धारा 261/262 बीएनएस पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना निरीक्षक संतोष पासवान द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

महफूज पुत्र सिराजुद्दीन निवासी ग्राम कुडी थाना बडागाँव कमिश्नरेट वाराणसी औसत उम्र करीब 25 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान –

डीएम कम्पाउण्ड के पीछे, दिनांक 19.09.2024 को समय करीब 13.55 बजे

आपराधिक इतिहास-

1. मु.अ.सं. 228/2024 धारा 427/506 भादवि थाना बड़ागाँव कमिश्नरेट वाराणसी।
2. मु.अ.सं. 292/2024 धारा 304(2), 317(2) बीएनएस थाना बड़ागाँव कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. मु.अ.सं. 295/2024 धारा 115(2),351(2)(3),305,62 बीएनएस थाना बड़ागाँव कमिश्नरेट वाराणसी।
4. मु.अ.सं. 324/24 धारा 261/262 बीएनएस थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

<u>थाना कैण्ट-</u>

निरी0 संतोष कुमार पासवान,उ0नि0 सत्यम यादव,हे0का0 बृजबिहारी ओझा,का0 सचिन मिश्रा ,का0 आशीष मिश्रा ,का0 नागेन्द्र कुमार।

<u>एसओजी टीम-</u>

उ0नि0 मनीष कुमार मिश्रा,उ0नि0 गौरव कुमार सिंह,का0 रमाशंकर यादव,का0 आलोक मौर्या,का0 मयंक तिवारी,का0 दिनेश कुमार,का0 अंकित मिश्रा

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।